**अनुक्रमांक :** .....................................  **मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08**
**नाम :** .........................................

# 102 2026 302 (BM)

# सामान्य हिन्दी

**समय : 3 घण्टे, 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

---

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

ii) इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं।

## खण्ड – 'क'
**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**1. क) शुक्लोत्तरयुगीन लेखक हैं :** **(1)**

(A) गुलाबराय

(B) रायकृष्ण दास

(C) धर्मवीर भारती

(D) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

**ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचना है :** **(1)**

(A) धरती के फूल

(B) पुनर्नवा

(C) भारत की एकता

(D) भाग्य और पुरुषार्थ

**ग) 'दीप जले-शंख बजे' रचना की विधा है :** **(1)**

(A) आत्मकथा

(B) जीवनी

(C) रेखाचित्र

(D) संस्मरण

**घ) 'तट की खोज' कृति के रचनाकार हैं :** **(1)**

(A) हरिशंकर परसाई

(B) जैनेन्द्रकुमार

(C) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(D) वियोगी हरि



**ङ) 'आधुनिक हिन्दी एकांकी का जनक' माना जाता है :** **(1)**

(A) सेठ गोविन्ददास को

(B) लक्ष्मीनारायण मिश्र को

(C) डॉ. राम कुमार वर्मा को

(D) उदय शंकर भट्ट को

**2. क) 'जागरण सुधार काल' कहा जाता है :** **(1)**

(A) प्रयोगवाद युग को

(B) भारतेन्दु-युग को

(C) छायावाद युग को

(D) द्विवेदी-युग को

**ख) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' द्वारा रचित कविताओं का शीर्षक है :** **(1)**

(A) महापर्व

(B) भारत बारहमासा

(C) आनन्द अरुणोदय

(D) विजयिनी विजय वैजन्ती

**ग) 'दीपशिखा' काव्य कृति है :** **(1)**

(A) सुमित्रानन्दन पन्त की

(B) महादेवी वर्मा की

(C) नरेन्द्र शर्मा की

(D) भगवतीचरण वर्मा की

**घ) 'हरी घास पर क्षण भर' काव्यकृति के रचयिता हैं :** **(1)**

(A) 'अज्ञेय'

(B) गिरजाकुमार माथुर

(C) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(D) भवानी प्रसाद मिश्र

**ङ) मैथिलीशरण गुप्त की रचना है :** **(1)**

(A) चित्राधार

(B) अणिमा

(C) यशोधरा

(D) उच्छ्वास



**3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5 × 2 = 10)**

निन्दा कुछ लोगों की पूँजी होती है। बड़ा लम्बा-चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूँजी से। कई लोगों की रिस्पेक्टेबिलिटी (प्रतिष्ठा) ही दूसरों की कलंक-कथाओं के पारायण पर आधारित होती है। बड़े रस-विभोर होकर वे जिस-तिस की सत्य-कल्पित कलंक-कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की तुष्टि का अनुभव करते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) निन्दा किसकी पूँजी होती है ?

(iv) 'सत्य-कल्पित कलंक-कथा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(v) कुछ लोगों की प्रतिष्ठा का आधार क्या होता है ?

**अथवा**

यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी बूढ़ी है वह उतनी ही अधिक उत्फुल्ल मुस्कानमयी है। यह किस दीपक की जोत है ? जागरूक जीवन की ! लक्षयदर्शी जीवन की ! सेवा-निरत जीवन की ! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की ! भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) गद्यांश का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(iv) कौनसी ज्योति विश्व की सर्वोत्तम ज्योति है ?

(v) लेखक ने किसके मुस्कानमय जीवन का चित्रण किया है ?

**4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5 × 2 = 10)**

दु:ख की पिछली रजनी बीच
विकसता सुख का नवल प्रभात;
एक परदा यह झीना नील
छिपाए हैं जिसमें सुख गात।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) श्रद्धा किसके हताश मन को प्रेरणा दे रही है ?

(iv) 'एक परदा यह झीना नील' पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?

(v) 'गात' एवं 'रजनी' शब्द का अर्थ लिखिए।

**अथवा**



**अथवा**

सावधान, मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तज कर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू अभी शिशु नादान;
फूल-काँटों की तुझे, कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) कवि ने वैज्ञानिक युग के मानव को क्या चेतावनी दी है ?

(iv) कवि ने तलवार किसे बताया है और इसका प्रयोग करने से मनुष्य को क्यों रोका है ?

(v) प्रस्तुत पद्यांश में प्रयुक्त रस एवं अलंकार का नाम लिखिए।

**5. क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम 80 शब्द)** **(3 + 2 = 5)**

(i) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ii) प्रो. जी. सुन्दर रेड्डी

(iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iv) हरिशंकर परसाई

**ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम 80 शब्द)** **(3 + 2 = 5)**

(i) जयशंकर प्रसाद

(ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**6. 'ध्रुव यात्रा' कहानी का सारांश लिखिए। (अधिकतम 80 शब्द) (5)**

**अथवा**

**'बहादुर' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम 80 शब्द)**



UPBoard hub

7. **स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम 80 शब्द)** **(5)**

**क)** (i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए !

**ख)** (i) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर दुर्योधन का चित्रांकन कीजिए।

**ग)** (i) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।
(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**घ)** (i) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

**ङ)** (i) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्धन की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**च)** (i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'दशरथ' का चित्रांकन कीजिए।

## खण्ड – 'ख'

8. **क) दिए गए संस्कृत गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **(2 + 5 = 7)**

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति। सा मैत्रेयी उवाच- येनाहं नामृता स्याम् किमहं तेन कुर्याम्। यदेव भगवान् केवलममृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि। याज्ञवल्क्य उवाच - प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे।

**अथवा**

महामना विद्वान् वक्ता, धार्मिको नेता, पटुः पत्रकारश्चासीत्। परमस्य सर्वोच्चगुणः जनसेवैव आसीत्। यत्र कुत्रापि अयं जनान् दुःखितान् पीड्यमानांश्चापश्यत् तत्रैव सः शीघ्रमेव उपस्थितः सर्वविधं साहाय्यञ्च अकरोत्। प्राणिसेवा अस्य स्वभाव एवासीत्।



UPBoard hub

**ख) दिए गए संस्कृत पद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **(2 + 5 = 7)**

न मे रोचते भद्रं वः उल्लूकस्याभिषेचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति॥

**अथवा**

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय।
खलस्य साधोः विपरीतमेतज्ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय॥

**9. निम्नलिखित लोकोक्तियों एवं मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : (1 + 1 = 2)**

(i) दो नावों पर पैर रखना

(ii) सूर्य को दीपक दिखाना

(iii) अपना हाथ जगन्नाथ

(iv) का वर्षा जब कृषि सुखाने

**10. अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

आजाद भारत में दुर्गा भाभी को उपेक्षा और सम्मान दोनों प्राप्त हुए। सरकारों ने उन्हें पैसों से तौलना चाहा। कतिपय वर्ष पूर्व उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में तत्कालीन मुख्यमन्त्री ने उन्हें 51 हजार रूपये भेंट किए। भाभी ने वे रूपए वहीं वापस कर दिए। उन्होंने कहा कि "जब हम स्वाधीनता के लिए संग्राम कर रहे थे, उस समय किसी व्यक्तिगत लाभ की आकांक्षा नहीं थी, केवल स्वाधीनता प्राप्ति लक्षय था। इस धन से यहाँ शहीदों का एक बड़ा स्मारक बनाया जाय।"

(i) स्वतन्त्र भारत में दुर्गा भाभी का सम्मान किस प्रकार किया गया ? **(1)**

(ii) स्वाधीनता संग्राम में भाग लेने का लक्षय क्या था ? **(2)**

(iii) दुर्गा भाभी को सम्मान में भेंट किए गए धन को उन्होंने किस हेतु प्रयोग करने के लिए लौटा दिया था ? **(2)**

**11. क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :**

**(i) मनोज – मनोज्ञ** **(1)**

(A) मन का ओज – मन का ज्ञान

(B) मनु का जन्म – मन की सुन्दरता

(C) कामदेव – सुन्दर

(D) मन के अनुसार – मन का ज्ञान



UPBoard hub

**(ii) शूर – सुर** **(1)**

(A) अन्धा – जाग्रत

(B) वीर – देवता

(C) सुप्त – संगीत

(D) अज्ञ – विज्ञ

**ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए :** **(1 + 1 = 2)**

(i) द्विज

(ii) शिखा

(iii) मित्र

(iv) विधि

**ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए :**

**(i) जिसका कहीं भी अन्त न हो –** **(1)**

(A) अखण्ड

(B) अनन्त

(C) अद्वितीय

(D) असंख्य

**(ii) जो पढ़ना-लिखना जानता हो –** **(1)**

(A) निरक्षर

(B) अनपढ़

(C) साक्षर

(D) विद्वान्

**घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :** **(1 + 1 = 2)**

(i) आज मेरा बड़ा भाई आ गया।

(ii) मेरे को फल ले आओ।

(iii) भारत उन्नतशील देश है।

(iv) मैं इस लड़के को पढ़ाया हूँ।

**12. क) 'करुण' अथवा 'हास्य' रस का परिभाषासहित उदाहरण लिखिए।** **(1 + 1 = 2)**

**ख) 'अनुप्रास' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।** **(1 + 1 = 2)**

**ग) 'चौपाई' अथवा 'दोहा' छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए।** **(1 + 1 = 2)**



UPBoard hub

**13. अपनी गली / मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। (6)**

**अथवा**

**बैंक के शाखा प्रबन्धक के नाम एक आवेदन-पत्र लिखिए, जिसमें किसी व्यवसाय को स्थापित करने हेतु ऋण की मांग की गई हो।**

**14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : (2 + 7 = 9)**

(i) भारत में कृषि-क्रान्ति

(ii) विद्यार्थी–जीवन में अनुशासन का महत्व

(iii) साहित्य समाज का दर्पण है !

(iv) भारतीय लोकतन्त्र का भविष्य

(v) पर्यावरण – संरक्षण की आवश्यकता



UPBoard hub